प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 21.05.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. झारखंड में छठे चरण के चुनाव के लिए चार लोकसभा सीटों पर चुनाव प्रचार तेज, बोकारो में आज रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और जमशेदपुर में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल करेंगे चुनावी जनसभा।
2. सुप्रीम कोर्ट में हेमंत सोरेन की अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई आज, कल ईडी ने कोर्ट में याचिका को लेकर किया था विरोध।
3. हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा को मतदान नहीं करने पर भाजपा ने जारी किया शो–कॉज नोटिस, विरोधात्मक बातें कहने को लेकर धनबाद विधायक राज सिन्हा से मांगा गया जवाब।
4. जामताड़ा साइबर थाना की पुलिस ने चार साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार, 12 मोबाइल और 28 सिम बरामद।
5. आईपीएल क्रिकेट के पहले क्वालीफायर मुकाबले में आज सनराइजर्स हैदराबाद का मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स से।

*****************

झारखंड में बचे दो चरणों के चुनाव को लेकर प्रचार अभियान तेज हो गया है। आज बोकारो में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह एक चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। दिन के करीब एक बजे बोकारो में उनकी जनसभा होगी। वहीं जमशेदपुर लोकसभा सीट पर झामुमो प्रत्याशी समीर मोहंती के समर्थन में आज दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बिष्टुपुर के गोपाल मैदान में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। उनके साथ मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और झामुमो की कल्पना सोरेन भी उपस्थित रहेंगी। वहीं कल कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी रांची और गोड्डा में कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थन में एक जनसभा करेंगी।

इधर भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 मई को साहिबगंज लोकसभा सीट के लिए चुनाव प्रचार करने लिटि्टपाड़ा आएंगे। उनका दुमका लोकसभा में भी आने का कार्यक्रम बनाया जा रहा है।

*****************

सुप्रीम कोर्ट में आज हेमंत सोरेन की अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई होगी। इससे पहले कल प्रवर्तन निदेशालय–ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में मनी लाउंड्रिंग के मामले में अंतरिम जमानत की मांग करने वाली हेमंत सोरेन की याचिका पर विरोध किया। ईडी ने कोर्ट को बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री राज्य मशीनरी का दुरूपयोग करके मामले की जांच को बाधित करने का प्रयास कर रहे हैं। जांच एजेंसी ने कोर्ट से कहा कि देश में चुनाव पूरे साल चलने वाली प्रक्रिया है। अगर सोरेन की प्रार्थना स्वीकार कर ली जाती है तो किसी भी राजनेता को न गिरफ्तार किया जा सकता है न ही न्यायिक हिरासत में रखा जा सकता है।

*****************

हजारीबाग के वर्तमान सांसद जयंत सिन्हा कल मतदान नहीं करने गए। इसे लेकर भारतीय जनता पार्टी ने कारण बताओ नोटिस उन्हें जारी किया है। उनका मतदान केन्द्र सदर प्रखंड के हुपाद में था। जहां उनके पिता पूर्व सांसद यशवंत सिन्हा उनकी माता नीलिमा सिन्हा ने मतदान किया। दिन भर उनके समर्थक और शुभचिन्तक इंतजार करते रहें। इसे लेकर पार्टी ने भी संज्ञान लिया है और उन्हें दो दिनों के अंदर जवाब देने को कहा है।

*****************

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू ने पार्टी के धनबाद विधायक राज सिन्हा समेत पांच मंडल अध्यक्षों को शोकॉज किया है। उनके खिलाफ यह कार्रवाई बीते दिनों धनबाद में कायस्थ महापरिवार के कार्यक्रम में पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के खिलाफ सार्वजनिक रूप से विरोधात्मक बातें करने की वजह से की गई है। आदित्य साहू ने पत्र लिखकर दो दिन में राज सिन्हा से जवाब मांगा है।

*****************

चतरा जिले में कल लोकतंत्र का महापर्व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया।

*****************

लोकसभा आम निर्वाचन में मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने एवं शत प्रतिशत मतदान को लेकर जामताड़ा जिला प्रशासन के द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिला प्रशासन की ओर से स्थानीय गांधी स्टेडियम में टॉक शो का आयोजन किया गय इस दौरान लोगों ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर अपने सुझाव दिए साथ ही परिवार के सदस्यों एवं आसपास पड़ोस के योग्य मतदाताओं को मतदान कराने की शपथ ली गयी।

*****************

बोकारो जिले में शांतिपूर्ण चुनाव को लेकर जिला प्रशासन की ओर से लगातार वाहनों की जांच की जा रही है।

*****************

जामताड़ा साइबर थाना की पुलिस ने करमाटांड़ थाना के सिकरपोसनी गांव से कल चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। साइबर डीएसपी अशोक कुमार राम ने बताया कि गिरफ्तार साइबर अपराधियों के पास से 12 मोबाइल सेट, 28 सिम भी बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार साइबर अपराधियों को मेडिकल जांच के बाद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जामताड़ा मंडल कारा भेज दिया गया है।

*****************

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई ने कल ईस्टर्न कोल फिल्ड लिमिटेड राजमहल परियोजना के तीन अधिकारियों को पचहत्तर हजार रूपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। इनमें राजमहल परियोजना के चीफ मैनेजर परमेश्वर यादव, डिप्टी मैनेजर बिपिन कुमार और असिस्टेंट रेवेन्यू इंस्पेक्टर पवन कुमार महतो शामिल हैं। सीबीआई को राजमहल परियोजना के लिए अधिग्रहित जमीन में स्थित एक घर के मुआवजे को लेकर हैदर अंसारी नाम के व्यक्ति ने घूस मांगे जाने की शिकायत की थी। इसके बाद ही सीबीआई ने मामले की जांच करते हुए कार्रवाई की और तीनों गिरफ्तार किया।

*****************

धनबाद जिले में जिला प्रशासन ने खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण और परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए खनन टास्क फोर्स ने कल रात औचक जांच अभियान चलाया। जांच अभियान में एक ट्रक में लदा 25 टन अवैध कोयला पकड़ा गया। पूछताछ के बाद ट्रक के चालक एवं उपचालक को गिरफ्तार कर गोविंदपुर थाना को कार्रवाई करने के लिए सुपुर्द कर दिया गया।

*****************

आज विश्व सांस्कृतिक विविधता दिवस है। इसका आयोजन दुनियाभर की संस्कृतियों की खूबियों और शांति तथा टिकाऊ विकास में भिन्न संस्कृतियों के बीच संवाद की भूमिका को उजागर करने के लिए किया जाता है। माना जाता है कि दुनिया के 90 प्रतिशत संघर्ष अलग–अलग संस्कृति के लोगों के बीच संवाद कम होने के कारण ही हैं।

*****************

आज देशभर में आतंकरोधी दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्य–तिथि पर आयोजित किया जाता है। आतंकी संगठन एलटीटीई ने 21 मई,1991 को चेन्नई के पास श्रीपेरम्बुदूर में आत्मघाती बम हमले में श्री गांधी की हत्या कर दी थी। इस दिवस का आयोजन समाज और राष्ट्र पर आतंकवाद और हिंसा के नकारात्मक प्रभाव की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए किया जाता है।

*****************

बंगाल की खाड़ी में बन रहे निम्न दबाव का असर झारखंड में देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग ने बताया है कि कल से बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव बन रहा है इसका असर राज्य के कई जिलों में 24 मई से होगा। कई हिस्सों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया है। राज्य में 25 मई को चार लोकसभा क्षेत्र में चुनाव भी होना है। इस दिन भी मौसम का मिजाज बदल सकता है और बारिश भी हो सकती है। मौसम विभाग ने यह भी बताया है कि आज और कल

उत्तर–पूर्वी, दक्षिणी और मध्य हिस्से में चालीस से पचास किलोमीटर की रफ्तार में हवा चल सकती है। इस दौरान वज्रपात भी हो सकता है।

*****************

आईपीएल क्रिकेट के पहले क्वालीफायर मुकाबले में आज सनराइजर्स हैदराबाद का मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा। यह मैच अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा।

दूसरा क्वालीफायर मुकाबला इसी मैदान में कल राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के बीच होगा। फाइनल रविवार को खेला जाएगा।

**********